(ग) सरकार द्वारा इस मामले में क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे है;

(घ) क्या सरकार ने इस संदर्भ में सुपर बाजार के महाप्रबंधक को कोई दिशा निर्देश जारी किए है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

उर्दू पुस्तकों की अनुपलब्धता

2454. श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 13 जुलाई, 1995 के हिन्दी दैनिक 'जनसत्ता' में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें यह कहा गया है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधन और प्रशिक्षण परिषद द्वारा उर्दू पाठ्यक्रमों की पुस्तकें अभी तक बाजार में उपलब्ध नहीं कराई जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उर्दू पाठ्यक्रमों की कितनी पुस्तकें बाजार में उपलब्ध नहीं है;

(ग) सभी पाठ्यक्रमों की उर्दू पुस्तकें बाजार में कब तक उपलब्ध कराये जाने की संभावना है; और

(घ) इस विलंब के क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उपमंत्री (कु. सैलजा): (क) जी, हां।

(ख) और (ग).राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् ने बताया है कि कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के लिए उर्दू रूपान्तर की 51 पाठ्य पुस्तकों में से 49 पाठ्यपुस्तकें सहज उपलब्ध हैं। शेष दो उर्दू पाठ्य-पुस्तकें तैयार की जा रही है।

11 और 12 कक्षाओं के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा उपलब्ध किए जाने के लिए अपेक्षित उर्दू रूपान्तर की 49 पाठ्यपुस्तकों में से, 22 पाठ्यपुस्तकें सहज उपलब्ध हैं। सत्रह और पाठ्यपुस्तकें जारी किए जाने का कार्यक्रम है। शेष 10 पाठ्यपुस्तकों का अनुवाद/सम्पादन किया जा रहा है।

(घ) विलम्ब के मुख्य कारण हैं--अनुवाद के लिए अपेक्षित समय, इन पाठ्यपुस्तकों की अत्यंत पेचीदा प्रकृति की सुलेखन व्यवस्था, डेस्क टाप प्रकाशन तथा सुलेखन सुविधा का अपर्याप्त होना और छोटे-छोटे मुद्रण आदेश लेने वाले मुद्रकों के मिलने में कठिनाई।

Import of Copper by VSP

2455. SHRI MOHAN BABU: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) whether Visakhapatnam Steel Plant has imported a huge quantity of copper in 1994-95 and so far in 1995-96;

(b) if so, the reasons for such an import;

(c) whether this import of copper is the subject of a vigilance enquiry;

(d) if so, the details thereof;

(e) the quantity of copper required for manufacturing purposes in any given year; and

(f) the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SONTOSH MOHAN DEV): (a) No, Sir. Visakhapatnam Steel Plant has imported a Small quantity of 76.30 Metric Tonnes of Machined Copper Mould Plates in 1994-95 valuing Rs. 1.82 crores (FOB) and proposes to import 92.28 Metric Tonnes during 1995-96 at an estimated value of Rs. 1.50 crores (FOB).

(b) The Copper Mould Plates are used as consumeables in the Continous Casting Machine in the Steel Melt Shop and they are not available indigenously.

(c) and (d) No Sir. There is no vigilance enquiry on the copper imported by VSP.

(e) and (f): The average consumption of Copper plates is 0.05 kg. per tonne of Steel. The requirement of copper mould plates is, therefore, worked out to about 150 Metric Tonnes per year at the optimum level of production at the rated capacity of 3 million Tonnes.

Construction of Guest House for the University of Agricultural Sciences Bangalore

2456. SHRI MAHESHWAR SINGH:
DR. BAPU KALDATE:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government propose to sanction Rs. 250 lakhs to the University of Agricultural Sciences, Hebbal, Bangalore for construction of a guest house at Bangalore to accommodate guests of ICAR institute who are

inconvenienced on account of location of the university at a far flung area;

(b) if so, the details of the amount proposed to be sanctioned during the Eighth Plan; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) No, Sir. Government has no such proposal at present.

(b) and (c) Question does not arise.

सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत रोजगार

2457. **श्री रामजीलाल:** क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने विभिन्न रोजगार योजनाओं के अन्तर्गत इस वर्ष राज्यवार कितने लोगों को रोजगार उपलब्ध कराये हैं;

(ख) इन योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 1994-95 में हरियाणा राज्य को कितनी राशि आवंटित की गई;

(ग) क्या सरकार इस वर्ष इस कार्य के लिए और अधिक धनराशि प्रदान करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.के. थुंगन): (क) नेहरू रोजगार योजना से संबंधित सूचना विवरण में दी गयी है (नीचे देखिए)

(ख) वर्ष 1994-95 के दौरान नेहरू रोजगार योजना के अंतगरत हरियाणा सरकार को दी गई केन्द्रीय धनराशि 122.72 लाख रुपये है।

(ग) और (घ) जी, हां। हरियाणा राज्य के लिए 1995-96 हेतु 104.75 लाख रुपये का अनन्तिम नियतन किया गया है।

विवरण

नेहरू रोजगार योजना

नेहरू रोजगार योजना के तहत वर्ष 1995-96 (1.4.95 से 31.7.95 तक) सृजित रोजगार

सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का नाम	शहरी लघु उद्यम स्कीम (सूमे) के तहत सहायता प्राप्त लाभग्राहियों की संख्या	शहरी मजदूरी रोजगार स्कीम (सूमे) तथा आवास व आश्रय सुधार स्कीम के तहत सृजित कार्य दिवस (आंकड़े लाखों में)
1.	आंध्र प्रदेश	596	0.13
2.	बिहार	–	–
3.	गुजरात	792	0.29
4.	हरियाणा	472	0.02
5.	कर्नाटक	–	–
6.	केरल	1282	1.50
7.	मध्य प्रदेश	5917	–
8.	महाराष्ट्र	–	–
9.	उड़ीसा	6223	7.14
10.	पंजाब	705	0.00
11.	राजस्थान	5196	0.95
12.	तमिलनाडु	5361	1.03
13.	उत्तर प्रदेश	9542	3.44
14.	पश्चिम बंगाल	–	–
15.	गोवा	–	–
16.	अरुणाचल प्रदेश	–	0.53